भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न** संख्या-43

उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

**असम विश्वविद्यालय का दीफू परिसर**

†**43. श्री राजा राम सिंह:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कार्बी आंगलोंग जिले के जनजातीय क्षेत्र के लोगों की मांग है कि असम विश्वविद्यालय के दीफू परिसर को पूर्ण केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए;

(ख) क्या सरकार ने कार्बी आंगलोंग के दीफू में असम विश्वविद्यालय, दीफू परिसर को पूर्ण केन्द्रीय विश्वविद्यालय में उन्नयन करने के लिए समयबद्ध तरीके से कोई कदम उठाए हैं और;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

(**डॉ. सुकान्त मजूमदार**)

(क) से (ग): केंद्रीय विश्वविद्यालय को क्षेत्र के अन्य संस्थानों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए आदर्श संस्थानों के रूप में कार्य करने की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में, असम राज्य में पहले से ही दो केंद्रीय विश्वविद्यालय- असम विश्वविद्यालय, सिलचर और तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर हैं। इस मंत्रालय ने असम में अन्य केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थान जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी; भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) गुवाहाटी; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), सिलचर भी स्थापित किए हैं। विभिन्न मंत्रालयों ने असम में अपने डोमेन विशिष्ट संस्थान भी स्थापित किए हैं। इसके अलावा, 'शिक्षा' समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, राज्य सरकारें भी अपने-अपने राज्यों में उच्चतर शिक्षा तक अधिक पहुँच प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल कर रही हैं। दीफू परिसर को एक पूर्ण केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नत करने का मामला कई कारकों, जैसे क्षेत्र की जनसंख्या, क्षेत्र में पहले से मौजूद शैक्षणिक संस्थानों की संख्या, केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए न्यूनतम क्षेत्र की आवश्यकता आदि पर निर्भर है।

*****